www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

.नई दिल्ली, शनिवार, 6 अप्रैल, 2019 | वर्ष-11 | अंक-357 | पृष्ठ-14 | मूल्य- 4.00 रुपए

गौड़ ग्रुप ने गौड़ सिटी मॉल के फिट-आउट की घोषणा की

ग्रेटर नोएडा,5 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौड़ ग्रुप ने गौड़ सिटी मॉल के लिए फिट-आउट की पेशकश के साथ डिलीवरी की घोषणा की है। यह मॉल ग्रेटर नोएडा वेस्ट का पहला और सबसे बड़ा मॉल साबित होगा, जिसमें 8.45 लाख वर्ग फुट रिटेल एरिया है। यह मॉल 25 एकड़ गौड़ सिटी कमर्शियल हब का एक भाग है जिसके अंतर्गत गौड़ सिटी सेंटर (कमर्शियल प्रोजेक्ट), 5600 गाड़ियों के लिए मल्टीलेवल पार्किंग, एक पेट्रोल पंप और एक आगामी हॉस्पिटल बनाने की योजना है। गौड़ सिटी में इंटीग्रेटेड टाउनशिप है जिसमें कुल 8000 करोड़ का निवेश किया गया है। इस मॉल में एक बड़े रिटेल एरिया के साथ-साथ 180 डिलक्स कमरे का रैडिसन होटल भी होगा जो ग्रेनो वेस्ट का पहला प्रख्यात होटल साबित होगा।

इसके साथ ही मॉल में कमर्शियल ऑफिस स्पेस और सर्विस अपार्टमेंट भी होंगे। गौड़ ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ ने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र में कोई अन्य मॉल नहीं है और गौड़ सिटी मॉल क्षेत्र की कमी को पूरा करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि मॉल सफलतापूर्वक उभरेगा क्योंकि क्षेत्र में पहले से ही बड़ी संख्या में लोग रह रहें हैं और आने वाले वक्त में लगभग एक लाख और फ्लैट में लोग शिफ्ट होंगे जिससे कि कमर्शियल एरिया और शॉपिंग के लिए डिमांड बढ़ेगी।